हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 मार्च 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री


13 मैदानी अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवहार रखें ...

14 कार्यकर्ता ही कांग्रेस संगठन की असली ताकत : ताम्रध्वज


## खबर संक्षेप

### धूमा में मानसगान स्पर्धा आज से

**सिर्री।** ग्राम धूमा (कठौली) में श्रीराम मानस मंडली और ग्रामवासियों के सहयोग से 29 से 31 मार्च तक संगीतमय मानसगान



एवं कला प्रतियोगिता रखी गई है। शुक्रवार को सुबह अतिथियों और प्रबुद्धजनों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। समापन और पुरस्कार वितरण रविवार को होगा। कार्यक्रम की तैयारी में केवल साहू, ओंकार प्रसाद साहू, चमन साहू, दिलीप साहू, भुनेश्वर साहू, राजकुमार साहू, मोहन यादव, रामजी साहू, चुमन हेमलाल, डिलेश्वर, जगत, सेवाराम सहित अन्य जुटे हुए हैं।

### कहार भोई समाज का होली मिलन 30 को

**कुरूद।** छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज कुरूदराज का होली मिलन कार्यक्रम रंगपंचमी के दिन 30 मार्च शनिवार को दोपहर 3 बजे से वार्ड नंबर सात वृंदावन सरोवर स्थित भगवान नर्मदेश्वर मंदिर के पास रखा गया है। इस अवसर पर कुरूद राज के सभी सामाजिक बंधु आपस में स्नेह, समरसता, समन्वय, सहयोग और भाईचारा का रंग लगाकर सामाजिक गतिविधियों को मजबूत बनाते हुए संगठन पर बल देंगे। समाज के अध्यक्ष सोहन कश्यप , सचिव-कोषाध्यक्ष खूबलाल नाग, प्रचार-प्रसारक मुकेश कश्यप और कोमेश्वर नाग ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

### फांसी लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अछोटा महावीर चौक निवासी कपिल देवांगन पिता जगतराम 45 वर्ष की दानीटोला में टेलर की दुकान है। गुरुवार की सुबह अधेड़ ने अपने कमरे के सिलिंग फेन में स्कार्फ का फंदा बना फांसी लगा ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने अर्जुनी पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। मृतक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### डांडेसरा में प्रज्ञा पुराण कथा आज से

**डांडेसरा(धमतरी)।** प्रज्ञा मण्डल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से शिव चौक ग्राम डांडेसरा में 29 मार्च से 1 अप्रैल तक प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। 29 मार्च को शाम 4 बजे से 6 बजे तक भव्य कलश यात्रा, प्रज्ञा पुराण स्थापना, शाम 6 बजे से 8 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा होगी। 30 मार्च को प्रातः 4 बजे से सामूहिक आरती, जप, ध्यान, आसन, प्राणायाम, प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक देव स्थापना, आह्वान, देव पूजन एवं गायत्री महायज्ञ, दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा, शाम 6:30 बजे से आरती, चालीसा, भजन होगा। 31 मार्च को प्रातः 4 बजे से सामूहिक जप, ध्यान, आसन, प्राणायाम आरती, 9 बजे से 12 बजे तक जन्मदिन, पुसवन, विद्यारंभ, अन्न प्राशन, मुंडन, दीक्षा आदि संस्कार होंगे। 1 अप्रैल को प्रातः 4 बजे से सामूहिक जप, ध्यान, आसन, प्राणायाम, आरती, प्रातः 9 बजे से यज्ञ हवन, दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक भोजन प्रसादी, दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं ऋषि पुत्रों की विदाई होगी। कार्यक्रम की तैयारी में कृष्ण कुमार, डेरहाराम साहू, अंगदराम साहू जुटे हुए हैं।

---

जिले में भू-जल लेवल 1 मीटर नीचे गिरा

# जल जीवन मिशन का कार्य 98 प्रतिशत पूर्ण, फिर भी कई गांवों में पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जल जीवन मिशन के तहत जिले के 623 गांवों में घरेलू नल कनेक्शन देने का लक्ष्य पूर्णता की ओर है। बावजूद कई गांवों में पेयजल की समस्या आज भी बनी हुई है। जरवायडीह के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत जल प्रदाय शुरू कराने की मांग कलेक्टर से की है।

पीएचई कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत जिले के 623 गांवों में 1 लाख 54 हजार 784 घर है। इन सभी घरों में नल कनेक्शन देने का लक्ष्य है। अब तक 1 लाख 51 हजार 595 घरों तक नल कनेक्शन दिया जा चुका है। लक्ष्य का 97.94 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। 91 गांवों में मिशन का कार्य पूर्ण होने का पंचायतों द्वारा सर्टिफिकेट मिल गया है। शेष 3 हजार के करीब घरों में नल कनेक्शन देने का काम जारी है। मार्च 2024 तक जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घरों में घरेलू नल कनेक्शन देने का लक्ष्य मिला है।



**जरवायडीह में भूजल स्त्रोत नहीं, दो किमी दूर ग्राम खपरी से जल आपूर्ति की मांग**

कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत जरवायडीह में भूजल स्त्रोत नहीं मिल पाने से जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा है। सरपंच विमला देवदास सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मिशन के तहत जल प्रदाय करने की मांग की है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने, टंकी निर्माण, घरेलू नल कनेक्शन देने आदि का कार्य पूर्ण हो चुका है लेकिन गांव में मोटरपंप चलाने लायक जल क्षमता किसी भी नलकूप में नहीं है, जिससे मिशन के तहत जल प्रदाय का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। पीएचई ने गांव में दो जगहों पर नलकूप खनन कराया लेकिन दोनों बोर से पानी नहीं निकल पाया। ग्रामीणों ने बताया कि जरवायडीह पंचायत के आश्रित ग्राम खपरी के नलकूपों में मोटर पंप के लिए पर्याप्त जल क्षमता है जो जरवायडीह से 2 किमी की दूरी पर है। ग्रामीणों ने ग्राम खपरी से पाइपलाइन बिछाकर टंकी तक पानी पहुंचाकर मिशन के तहत जल आपूर्ति करने की मांग की है।

**धमतरी विकासखंड का लक्ष्य कम्पलीट**

जिले के 1,54,784 घरों में नल कनेक्शन दिया जाना है। धमतरी ब्लाक में 41942 कनेक्शन का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। कुरूद ब्लाक में 44346 कनेक्शन का लक्ष्य है, जिसमें से 42039 घरों तक नल कनेक्शन पहुंच गया है। कुरूद में लक्ष्य का 94.80 फीसदी कार्य हुआ है। नगरी ब्लाक में 39526 घरेलू कनेक्शन दिया जाना है, जिसमें से 39507 घरों तक नल कनेक्शन दिया जा चुका है। नगरी में 99.95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। मगरलोड में 28970 नल कनेक्शन में से 28107 घरों तक नल पहुंच चुका है। मगरलोड में 97.02 फीसदी कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

**गिर रहा जिले का भू-जल स्तर**

जिले में भू-जल लेवल नीचे गिरने लगा है। धमतरी ब्लाक का भू-जल लेवल सामान्य रूप से 18.70 मीटर का है। मार्च माह में भू-जल का लेवल 1 मीटर गिरकर 19.70 मीटर हो गया है। कुरूद का भू-जल लेवल 16 मीटर है। यह वर्तमान में 17.20 मीटर नीचे चला गया है। नगरी में औसत लेवल 17.10 है। यहां भू-जल का लेवल 17.90 तथा मगरलोड का 19 मीटर औसत लेवल से 20.10 मीटर हो गया है। जिले में औसल लेवल 18.70 है जो 1 मीटर गिरकर 19.70 हो गया है।

---

## जनसहयोग से मिली कुर्सियों को नायब तहसीलदार ले गया



**धमतरी।** उपतहसील कार्यालय करेलीबड़ी में अनोखा मामला सामने आया है। यहां जनसहयोग से प्राप्त व्हीलचेयर सहित 6 कुर्सियों को नायब तहसीलदार द्वारा ले जाने की शिकायत हुई है। आरटीई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार साहू ने मगरलोड तहसीलदार को लिखित शिकायत में कहा है कि उपतहसील करेलीबड़ी कार्यालय में पीठासीन अधिकारी के बैठने के लिए व्हीलचेयर तथा स्टाफ के बैठने के लिए फाइबर का पांच नग चेयर जनसहयोग से उपलब्ध कराया गया था। स्थानांतरण पश्चात नायब तहसीलदार उक्त सभी कुर्सियों को अपने साथ ले गया है। कृष्णकुमार ने मगरलोड तहसीलदार से लिखित शिकायत कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

- मगरलोड तहसीलदार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

---

## आरटीई में बच्चों को एडमिशन दिलाने पालकों में मची होड़

- 28 दिनों में ही रिक्त सीटों से तीन गुना ज्यादा आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आरटीई के तहत अपने बच्चों को निजी स्कूलों में एडमिशन दिलाने के लिए पालकों में होड़ मची हुई है। 28 दिनों में ही रिक्त सीटों से तीन गुना ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं। अभी भी आवेदन करने के लिए 18 दिन और शेष हैं। ऐसे में आवेदनों की संख्या और बढ़ेगी।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम यानी आरटीई गरीब परिवार के बच्चों के लिए वरदान साबित हुआ है। इस अधिनियम के तहत प्राइवेट स्कूलों में गरीब परिवार के बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाती है। इस अधिनियम के तहत अपने बच्चों को एडमिशन दिलाने के लिए पालकों में होड़ मची हुई है। जानकारी के अनुसार इस साल भी निजी स्कूलों में छात्रों की दर्ज संख्या को आधार मानकर आरटीई की सीट तय की जा रही है, जिसके कारण आरटीई के तहत सीटों की संख्या कम हो गई हैं, जबकि आवेदनों की संख्या काफी अधिक है। इस साल 191




स्कूलों ने आरटीई के तहत पंजीयन कराया है, जहां पर 1057 सीटें आरटीई के तहत रिक्त हैं। अब तक एडमिशन के लिए 3023 आवेदन मिल चुके हैं। 15 अप्रैल तक आवेदन ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। अब स्कूल की परीक्षाएं और होली का त्योहार भी निपट चुका है। पालक फ्री हो चुके हैं, ऐसे में अब आवेदनों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि 18 अप्रैल से 17 मई तक दस्तावेजों का सत्यापन होगा। 20 से 30 मई के मध्य लॉटरी निकाली जाएगी। जून माह के अंत तक चयनित बच्चों को आवंटित स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा। इसके बाद 15 जून से आरटीई के तहत एडमिशन के लिए दूसरा चरण शुरू होगा।

---

## हेल्थ चेकअप के बाद जाएंगे चुनाव निबटाने

- मतदान केंद्रों की रवानगी से पहले कर्मचारियों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण
- वाहनों की होगी फिटनेस जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मतदान के लिए रवाना होने से पहले ड्राइवरों और मतदान दल के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण होगा। इसके लिए 23 और 24 अप्रैल को पॉलीटेक्निक कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। इससे पहले 31 मार्च और 1 अप्रैल को वाहनों का फिटनेस टेस्ट भी होगा।

लोकसभा चुनाव की तैयारी जोर-शोर से चल



रही है। वाहनों का अधिग्रहण शुरू हो गया है। चुनाव निबटाने के लिए कुल 309 गाड़ियों की जरूरत है। सरकारी विभागों से 36 गाड़ियों का अधिग्रहण कर भी लिया गया है। वहीं निजी वाहनों के अधिग्रहण के लिए कलेक्टर के अनुमोदन पर जिला परिवहन अधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है। परिवहन विभाग द्वारा भी गाड़ियों के अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। परिवहन विभाग द्वारा 16 प्राइवेट स्कूलों की 110 गाड़ियों की लिस्ट तैयार की गई है। अब स्कूल की परीक्षाएं भी समाप्त हो चुकी हैं, जिसे देखते हुए इन गाड़ियों को अधिग्रहित करने की तैयारी चल रही है। इसके अतिरिक्त अन्य प्राइवेट वाहनों को भी अधिग्रहित किया जाना है। उधर पुलिस विभाग ने भी चुनाव निबटाने के लिए 535 वाहनों के अधिग्रहण के अनुमति मांगी है। अनुमति पर पुलिस विभाग खुद ही गाड़ियों को अधिग्रहित करेगा।

**कई विभागों को छोड़ा गया**

अनिवार्य सेवा देने वाले विभागों की गाड़ियों को छोड़ दिया गया है। गर्मी में पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पीएचई की गाड़ियों को छोड़ दिया गया है। यहां से केवल एक बड़ी गाड़ी को अधिग्रहित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की गाड़ियों को भी छोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त वन विभाग की गाड़ियों को भी नहीं लिया गया है। इस विभाग में हाथी की आमद के चलते गाड़ियों की जरूरत बताई गई है।

**ड्राइवरों को मिलेगा आराम**

इस बार पर्याप्त संख्या में ड्राइवरों की ड्यूटी लगाई गई है। जिन विभागों ने गाड़ी खराब होने का बहाना बनाकर चुनाव के लिए गाड़ी नहीं दी है, उन विभागों के ड्राइवरों को चुनाव में अटैच कर दिया गया है। हर तीन गाड़ी के पीछे 5 ड्राइवर तैनात किए गए हैं। जो ड्राइवर रात में काम करेंगे, उन्हें दिन में आराम दिया जाएगा और दूसरे ड्राइवर को काम पर लगाया जाएगा। इससे ड्राइवरों को दिन-रात ड्यूटी करने से छुटकारा मिलेगा।

**रूटचार्ट तैयार**

जिले में कुल 753 मतदान केंद्र हैं, जहां तक मतदान दलों को पहुंचाने के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। सिहावा विस क्षेत्र में 259 मतदान केंद्र हैं, जिसके लिए 78 रूट बनाया गया है। 29 सेक्टर अधिकारी इन मतदान केंद्रों की निगरानी करेंगे। इसी प्रकार कुरूद विस क्षेत्र में 237 मतदान केंद्र हैं। यहां पर 53 रूट और 24 सेक्टर बनाए गए हैं। धमतरी विस क्षेत्र में 60 रूट और 26 सेक्टर बनाए गए हैं।

---

## खुले स्थान पर मिली एक्सपायरी डेट की दवाइयां

- खरेंगा रोड की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खरेंगा मार्ग में ग्राम कलारतराई के पास सड़क किनारे फेंके गए एक्सपायरी डेट की दवाइयों को देख लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

ग्रीन ट्रिब्यूनल की गाइडलाइन अनुसार एक्सपायरी दवाइयों को मेडिकल वेस्ट के साथ डिस्पोज करने का प्रावधान है, लेकिन खरेंगा मार्ग में ग्राम कलारतराई व अमेठी के पास सड़क किनारे खुले स्थान पर बड़ी मात्रा में एक्सपायरी डेट की दवाइयों को लापरवाहीपूर्वक फेंक दिया गया है। ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो कचरे में फेंके गए सामान में



एक्सपायरी डेट की दवाइयां जिसमें टेबलेट, कैप्सूल, कफ सिरप, इंजेक्शन का बायोमेडिकल वेस्ट भी था। इस कचरे में पीपीई किट भी था। इससे बच्चों को खेलते हुए देखा गया। इस तरह की लापरवाही को देख ग्रामीणों में आक्रोश है। आशंका जताई जा रही है कि इस तरह की लापरवाही किसी मेडिकल संचालक की हो सकती है। फिलहाल एक्सपायर टेड की दवाइयों को इस तरह खुले स्थान में फेंकने वाले की जानकारी नहीं मिल पाई है। जानकारों के अनुसार इस तरह के बायोमेडिकल वेस्ट को कलेक्ट करने प्लांट का वाहन पहुंचता है जो बायो मेडिकल वेस्ट को एकत्रित कर प्लांट में ले जाकर डिस्पोज करते हैं।

**मामले को दिखवाता हूं : सीएमएचओ**

सीएमएचओ डा. मंडल ने मीडिया को बताया कि खरेंगा रोड किनारे बायो मेडिकल वेस्ट को फेंके जाने की जानकारी नहीं है। इस मामले को दिखवाता हूं। एक्सपायरी डेट की दवाइयों को डिस्पोज करने का नियम है।

## सभी ओव्हरहेड टैंक की क्रमवार होगी सफाई

**धमतरी।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी 9 ओव्हरहेड टैंक जिसमें वाटर फिल्टर प्लांट के माध्यम से पानी भरा जाता है, उसकी सफाई वैज्ञानिक पद्धति से क्रमवार की जाएगी। ज्ञात हो कि हर 6 माह में सभी टैंकों की सफाई निगम द्वारा की जाती है। निगम के मुख्य कार्यपालन अभियंता ने बताया कि इतवारी बाजार स्थित दोनों टैंकों की सफाई 1 अप्रैल को की जाएगी। इसी तरह गायत्री मंदिर और सोरिद वार्ड में 2 अप्रैल को, संेचुरी गार्डन एवं बठेना वार्ड में 3 अप्रैल को, जालमपुर वार्ड व गोकुलपुर वार्ड में 4 अप्रैल को, महिमासागर वार्ड में 5 अप्रैल को तथा फिल्टर प्लांट की सफाई 6 अप्रैल को की जाएगी।

---

## बाइक मवेशी से टकराई, एक युवक की मौत

- ग्राम ईर्रा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर से वापस अपने घर लौट रहे युवकों की बाइक चौक के पास बैठे मवेशी से टकरा गई। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम ईर्रा निवासी जलंधरगिरी गोस्वामी पिता नरोत्तम 42 वर्ष बुधवार को प्रदीप साहू के साथ उसी की मोटरसाइकिल में किसी काम से धमतरी आया था। जहां से दोनों रात्रि में वापस अपने घर ईर्रा लौट रहे थे। दोनों युवक अपने गांव पहुंच चुके थे। इसी दौरान बजरंगबली चौक के पास उनकी मोटरसाइकिल मवेशी से टकरा गई। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर प्रदीप के परिजन



तत्काल घटनास्थल पहुंचे और प्रदीप को उपचार के लिए ले गए। कुछ देर में जलंधर के बड़े भाई छम्मनगिरी गोस्वामी को घटना की जानकारी मिली। वह भी तत्काल घटनास्थल पहुंचा। वहां उसका भाई जलंधर लहूलुहान सड़क पर पड़ा था। उसे एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान रात्रि में उसकी मौत हो गई। वहीं घायल प्रदीप को मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। चौकी पुलिस ने गुरुवार को मर्ग कायम किया। पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

---

जिला अस्पताल की ओपीडी हुई 500 के पार

## त्योहार के बाद जिला अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

त्योहार के बाद जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। बीते दो दिनों में अस्पताल की ओपीडी मरीजों की संख्या 500 के पार चल रही है।

होली का त्योहार मनाने के बाद अस्पताल खुलने के एक दिन बाद से जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ लग गई है। जिसका कारण त्योहार पर अवकाश रहने व लोगों के त्योहार में व्यस्त रहने को माना जा रहा है। त्योहार से सोमवार को




अवकाश रहने के बाद जिला अस्पताल की सेवाएं मंगलवार से शुरु हो गई थीं, लेकिन मंगलवार को बहुत कम मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे थे। उपचार के लिए पहुंचने वालों में ज्यादातर सड़क दुर्घटना के घायल थे। लेकिन बुधवार को ओपीडी शुरु होते ही जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। बुधवार को ओपीडी मरीजों की संख्या पहली शिफ्ट में ही 500 से पार हो गई थी। ओपीडी मरीजों में गिरने, एक्सीडेंट, हाथ-पैर में चोट व हड्डी रोग से संबंधित मरीज ज्यादा थे। वहीं कमजोरी, ब्लड की कमी, पेट दर्द व अत्यधिक शराब सेवन मरीज उपचार के लिए पहुंचे। गुरुवार को भी जिला अस्पताल की ओपीडी 500 तक पहुंच गई जिसमें हड्डी रोग, दंत रोग, चर्मरोग, कान से संबंधित समस्या, सर्दी, खांसी सहित रूटीन के मरीज थे।

**गंभीर मरीज वार्ड में भर्ती : वानखेड़े**

डा. वानखेडे ने बताया कि त्योहार के बाद अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ी है। गंभीर मरीजों को वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। वहीं अन्य मरीजों को चेकअप व दवाइयां दी जा रही हैं।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### संगवारी साहित्य समिति का होली मिलन आज

**सिर्री।** ग्राम बकली में 29 मार्च को कविता और विचार गोष्ठी के साथ अंचल की प्रतिष्ठित साहित्य समिति सिर्री का होली मिलन कार्यक्रम और पुनर्गठन के साथ अंचल के दिवंगत कवि साहित्यकार को स्मरण करते हुए निरंतर साहित्यिक गतिविधि हेतु रूपरेखा बनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में अंचल के कवि, साहित्य प्रेमी, विचारवान नागरिक, ऊर्जावान छात्र उपस्थित होंगे। यह जानकारी रामेश्वर साहू ने दी है।

### संस्था प्रमुख के माध्यम से आवेदन जमा होंगे

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आदर्श आचरण संहिता लागू होने की वजह से जिले में विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अवकाश अथवा निर्वाचन ड्यूटी से पृथक होने संबंधी आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को प्रस्तुत किया जाना है। इस संबंध में सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि अधिकारी, कर्मचारी संबंधित संस्था प्रमुख के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

## निधन

### डॉ गिरधारी लाल साहू



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम सेमरा डी निवासी डॉ गिरधारी लाल साहू ग्राम पटेल 56 वर्ष का निधन 27 मार्च बुधवार को हो गया। वे श्रीमती चंद्रिका साहू के पति एवं होमेन्द्र, राहुल, गीतांजलि के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के शांति घाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

**आम सूचना**

इस आम सूचना के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा गोविन्द साहू पि. स्व. गोपाल साहू जाति तेली निवासी दानीटोला वार्ड धमतरी तह. धमतरी जिला धमतरी के नाम पर महिमा सागर वार्ड क्र. 21 रतन सहकारी गृह निर्माण समिति मर्या. धमतरी प.ह.नं. 33 रा.नि. धमतरी तह. धमतरी जिला धमतरी में स्थित परिवर्तित मकान ख.नं. 2421/30 रकबा 0.018 हे. (2000) वर्गफुट लगान 101.10 रूपया है को क्रय करने का पक्का सौदा दिनांक 27/03/2024 को किया गया है तथा बिक्री इकरार नामा तैयार किया है तथा ब्याना राशि अदा कर दिया है मात्र विक्रय पत्र का पंजीयन शेष है।

अतः उक्त सौदा या उसके किसी भाग पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, कम्पनी, साहूकार, शासकीय संस्था, अर्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन के पांच दिवस के अन्दर मेरे नीचे लिखे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत करे। म्याद बाद आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी और मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सौदाशुदा भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन या पंजीयन विधिवत करा लिया जावेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक : 27/3/2024
स्थान : कुरूद

**टी.के. यदु, अधिवक्ता**
**मो.नं. 98933-21317**
**कार्यालय-गायत्री मंदिर के पास गार्डन रोड कुरूद तह. कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)**

महासमुंद लोस की भाजपा प्रत्याशी का मेघा मंडल भाजपा कार्यालय में आत्मीय स्वागत

# साय के सुशासन में आगे बढ़ रहा है छत्तीसगढ़ : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

महासमुंद लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी का विगत दिनों कुरूद विधानसभा के मेघा मंडल भाजपा कार्यालय में आगमन हुआ। मेघा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने फटाका फोड़कर गर्मजोशी के साथ भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया।

जनसंघ जमाने के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता फूलसिंग साहू का भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लिया । भाजपा मेघा मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के सहयोग एवं मेहनत से ऐतिहासिक जीत हुई थी। लोकसभा चुनाव में भी कार्यकर्ताओं ने भारी मतों से विजयी दिलाने का विश्वास दिलाया।




इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ,राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न होगा । लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी निमित मात्र है । कमल फूल छाप ही प्रत्याशी है। मोदीजी का आगामी मिशन 2047 तक विकसित भारत बनाने का है।

श्रीमती चौधरी ने आगे कहा कि मोदी जी के संकल्प एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन से किसानों को 2 वर्ष का बोनस, प्रति क्विंटल 3100 रुपए में धान खरीदी, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपये, कृषक सम्मान निधि 6000 रूपये प्रति वर्ष, उज्ज्वला योजना के तहत गैस चूल्हा, सिलेंडर फ्री, हर घर शौचालय निर्माण, हर घर जल जीवन मिशन के तहत अनेक महत्वाकांक्षी योजना जनहित में जारी की गई है।

मौके पर मेघा मंडल चुनाव प्रभारी श्याम साहू ,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विरेंद्र साहू, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजेश साहू, मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, संध्या साहू, नीरमणि पटेल, धर्मेंद्र साहू, रिखीराम साहू, फूलसिंग साहू, महामंत्री डगेश्वर सोनकर, अभिषेक शर्मा, हेमंत साहू ,योगेश्वर साहू, चंदन साहू, यशोदा नागरची, पेखन साहू, संतोष साहू, जयनारायण साहू सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन मंडल महामंत्री संतोष सोनी ने किया।

# जुआ खेलते आठ आरोपी गिरफ्तार

- मगरलोड पुलिस की कार्रवाई, आरोपियों से 10500 रुपये जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

हार जीत का दांव लगाकर ताशपत्ती नामक जुआ खेलते 8 आरोपियों के खिलाफ मगरलोड पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों से 10500 रुपये जब्त किए गए।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, अवैध कारोबारियों के विरुद्ध सभी थाना-चौकी प्रभारियों को कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिये हैं। इसी तारतम्य में थाना मगरलोड पेट्रोलिंग को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम जामली के सतनाम पारा में कुछ लोग रूपये पैसे से हार जीत का दांव लगाकर ताशपत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ग्राम जामली पहुंची और घेराबंदी कर ताश खेल रहे 8 आरोपी मोनू ठाकुर पिता स्व. बद्रीनारायण उम्र 28 साल साकिन जामली थाना मगरलोड, गिरीश लहरे पिता सजन लहरे उम्र 32 साल साकिन जामली थाना मगरलोड, रामेश्वर लहरे पिता धनीराम लहरे 42 साल साकिन जामली थाना मगरलोड, डिगेश्वर लहरे पिता मंथीर लहरे उम्र 26 साल साकिन जामली थाना मगरलोड, दिगम्बर ध्रुव पिता पवन ध्रुव उम्र 25 साल साकिन टिकरापारा थाना के बाजू रायपुर हाल ग्राम जामली थाना मगरलोड, मनीराम ध्रुव पिता खेवाराम ध्रुव उम्र 32 साल साकिन बोदलबाहरा थाना मगरलोड, उरेन्द्र कुमार पटेल पिता स्व. फगवा राम उम्र 52 साल साकिन मोहंदी थाना मगरलोड, बुदूराम साहू पिता पूरन साहू उम्र 60 साल साकिन डाभा थाना मगरलोड को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास एवं फड़ से गवाहों के समक्ष कुल रकम 10500 रूपये व 52 पत्ती ताश जब्त की गई। धारा 3(2) (छग) जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत वैधानिक कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मगरलोड निरीक्षक राजेश जगत, सउनि अजय बनारसी, प्रआर दीनू मारकंडे, आरक्षक गज्जू साहू, नवीन टंडन, राकेश साहू, धर्मेंद्र साहू, विमल साहू एवं मगरलोड पुलिस स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# तहसील साहू समाज ने मनाया होली मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

तहसील साहू समाज कुरुद का होली मिलन कार्यक्रम राधेश्याम साहू की अध्यक्षता में तहसील साहू समाज भवन में किया गया। ग्रीष्मकालीन समर कैंप एवं करियर गाइडेंस तहसील के सभी परिक्षेत्र में 1 मई से 15 जून तक आयोजित करने और दानवीर भामाशाह जयंती 29 अप्रेल को मनाने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य शिविर एवं नाड़ी परीक्षण के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी जाएगी।



बैठक में राधेश्याम साहू अध्यक्ष, रघुनंदन साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, सुशील साहू कोषाध्यक्ष, शेखन साहू सचिव, संतोष साहू सहसचिव, कमलनारायण साहू अंकेक्षक, रामप्यारे साहू, कमलेश साहू, सोमन लाल साहू, रामायण लाल साहू, केआर साहू, तेजन साहू, कार्तिक साहू, प्रेमलाल साहू, गौतम साहू, ठाकुर साहू, लेखराम साहू उपस्थित थे।

# राधा-कृष्ण की वेशभूषा में खूब उड़ाए रंग गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

मगरलोड क्षेत्र में होली त्योहार सौहार्द्र शांतिपूर्ण, आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया।

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी समेत ग्राम अरौद, मेघा, गिरौद, सौंगा, खैरझिटी, हरदी, राजपुर, मोहंदी, करेली छोटी, छिपली, लुगे, सोनपैरी, भरदा, परसवानी, बोड़रा, आमाचानी, भोथीडीह, रांकाडीह, कुंडेल, मोतिमपुर, खिसोरा, हसदा, नारधा में होली शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई। सुबह से ही बच्चे, युवा रंग गुलाल उड़ाते रहे। चौक- चौराहों पर नगाड़े के साथ फाग गीतों का आनंद उठाया। सुबह से दोपहर तक होली खेली गई। दोपहर बाद गांवों की पारंपरिक डंडा रहस पार्टी मादर की धुन पर नृत्य करते दिखी। राधा-कृष्णा की वेशभूषा धारण कर रंग गुलाल उड़ाते रहे। महिलाएं रसोई में ठेठरी, खुरमी, अरसा, पूड़ी, बड़ा व मीठे पकवान बनाने में व्यस्त रहीं। लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगने की वजह से डीजे की अनुमति नहीं दी गई थी। गांव में कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई। होली के दिन पुलिस के चार पेट्रोलिंग वाहन दिनभर गस्त करते रहे।



# चटौद स्कूल को कूलर भेंट किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

मुरा निवासी संजीव सार्वा ने शासकीय नवीन प्राथमिक शाला चटौद को एक कूलर प्रदान किया। इससे पहले भी श्री सार्वा कई स्कूलों को सामग्री प्रदान कर चुके हैं। इस सराहनीय कार्य के लिए शाला परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया।

मौके पर प्राचार्य एचआर मरकाम, संकुल समन्वयक रमेश चंद्राकार, प्रधानपाठक लेखनी साहू समेत शिक्षकगण उपस्थित थे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर को दिए चार स्टूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

पूर्व सरपंच गुलाब राम साहू ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर चटौद को भर्ती मरीज के परिजनों के बैठने के लिए चार नग स्टूल प्रदान किया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय साहू, चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव वैद्य, नेत्र चिकित्सा अधिकारी डॉ.लोमेश कुर्रे, ग्रामीण चिकित्सा सहायक डॉ. विनीता देवांगन, नर्सिंग स्टाफ श्रीमती ओमीन साहू, श्रीमती महेश्वरी बघेल, द्रोपदी साहू, डॉली साहू, गीतांजलि कुर्रे, नीलिमा शर्मा, फार्मासिस्ट योगिता जोशी, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट केवल चतुर्वेदी,




ड्रेसर ग्रेड 1 विजय गिलहरे, रिसेप्शनिस्ट दामिनी बांधे, गैंदराम साहू उपस्थित थे।

संस्था प्रभारी डॉ. संजय साहू ने हॉस्पिटल के दानदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया व ऐसे ही आमजनों से भी अपना योगदान देने की अपील की।

# सांकरा में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

ग्राम पंचायत सांकरा में लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों ने मतदान की शपथ ली। मौके पर सरपंच श्रीमती शशि ध्रुव, सचिव मदन सेन, उपसरपंच पारस साहू, बलराम ठाकुर, राजू पटेल उपाध्यक्ष कोसरिया पटेल समाज युवा प्रकोष्ठ सांकरा क्षेत्र, रूपेश्वरी पटेल रोजगार सहायिका, ईश्वर मत्स्यपाल, रूपेश पटेल सहित समस्त पंच व नगरवासी मौजूद थे।

# तहसील साहू समाज के महाअधिवेशन में शामिल होंगे सीएम

- कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

तहसील साहू समाज नगरी सिहावा का वार्षिक महा अधिवेशन परसापानी परिक्षेत्र के ग्राम डोंगरडुला में 31 मार्च को संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। वार्षिक महासभा में तहसील साहू समाज नगरी सिहावा के नौ परिक्षेत्र के सभी समाजजन उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली जाएगी।



कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अध्यक्ष पुनीतराम साहू, सचिव सुभाषचंद्र साहू, उपाध्यक्ष अनराज साहू, कौशल देवी साहू, कोषाध्यक्ष सखाराम साहू, सहसचिव पेमन साहू, लवकुमार साहू, संरक्षक सहदेव राम साहू, अंकेक्षक टिकेश्वर साहू, काजूराम साहू, बलदेवराम साहू, पेमन साहू जयकृष्ण साहू, रघुवीर साहू, मीडिया प्रभारी नारद साहू, मनीराम साहू, सुरेश साहू, प्रदीप साहू, लालसिंह साहू, मनहरण साहू, जन्मेजय साहू, वीर कुमार साहू, लेखराम साहू संचालक मंडल अध्यक्ष बृजलाल सार्वा, सचिव भरतलाल साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सुलोचना साहू, सचिव कमलाबाई साहू, वरुण किरण साहू, चुम्मन लाल साहू, नेमसिंह साहू सहित समाजजन जुटे हुए हैं।

# रावनगुड़ा में उत्साह से मनी होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम रावनगुड़ा में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। 24 फरवरी की रात शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से होलिका दहन किया गया। लोगों ने कंडे डालकर पूजा कर घर-परिवार की खुशहाली की कामना की। 25 मार्च को होली खेली गई। त्योहार को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। फाग गीत और नगाड़ों की थाप ने गांव के माहौल को उत्साहित कर दिया। लोग थिरकते नजर आए।



सशिमं चटौद में हुआ दीक्षांत समारोह

# छात्र जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

सरस्वती शिशु मंदिर चटौद में इस वर्ष भी कक्षा सप्तम के छात्रों द्वारा कक्षा-अष्टम के छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेशराम साहू संयोजक पांचजन्य शिशु संस्कार समिति चटौद, विशेष अतिथि लिकेश साहू उपाध्यक्ष थे। अध्यक्षता डा.दुलारूराम साहू अध्यक्ष पां. शि.सं.स. चटौद ने की। अन्य अतिथि दुर्जनराम सोनगेर, खेमचंद साहू, पुरुषोत्तम साहू जनपद सदस्य कुरुद, प्रधानाचार्य रामगोपाल साहू थे। अतिथियों ने अपने उदबोधन में कहा कि शिशु मंदिर एक ऐसा विद्यालय है जहां पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता एवं आध्यात्मिक शिक्षा दी जाती है। छात्र अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े। ऊंचा पद प्राप्त कर परिवार, विद्यालय तथा समाज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने आभार व्यक्त किया।

**Pride of Dhamtari**

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन,स्पाईन सर्जरी एवं हृदय रोग से संबंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें



पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
डॉ. अक्षय बैद
MS, Mch, Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
29 मार्च 2024 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### बोलबम सेवा समिति ने लावारिस लाश को दी सद्गति

**कुरूद।** बोल बम सेवा समिति कुरूद ने ग्राम बगौद तालाब किनारे मिले अज्ञात शिशु के शव को हिन्दू मुक्तिधाम में कफ़न-दफन (अंतिम संस्कार) कुरूद थाना की अनुमति एवं पुलिस स्टाप की मौजूदगी में किया गया। बता दें कि बोल बम सेवा समिति द्वारा यह 69 वां लावारिश शव है जिसे सद्गति प्रदान की गई। सद्गति देने वालों में समिति के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर, उपाध्यक्ष नंद आमदे, सहकोषाध्यक्ष भारत साहू, बोल बम सेवा समिति के सदस्य खेमराज सिन्हा, मनोज चन्द्राकर, कृष्णा ढीमर, मनबोधी राम, रवि यादव, राजू यादव सहित पुलिस टीम में प्रधान आरक्षक राजेश चन्द्राकर, आरक्षक संतोष ध्रुव शामिल थे।

### संघ की शाखाओं में मनी होली

**धमतरी।** इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विभिन्न शाखाओं में धूमधाम से होली का पर्व मनाया गया। 24 मार्च को मां विंध्यवासिनी शाखा, जगतजननी शाखा, वीर भामाशाह शाखा में होली मनाई गई। 25 मार्च को शिवाजी प्रभात शाखा नूतन स्कूल में होली मिलन समारोह रखा गया। सर्वप्रथम सुबह 6 बजे शाखा लगाई गई। 6.30 बजे तक नित्य कार्य योग, व्यायाम, प्रार्थना पश्चात शिविर किया गया। इसके बाद होली का पर्व प्रारंभ हुआ। नगाड़ों की थाप, ढोल, मंजीरा के साथ फागगीत गाते हुए रंग गुलाल उड़ाया गया। एक दूसरे को स्वयंसेवकों ने गुलाल व रंगों से सराबोर कर दिया। अंत में स्वल्पाहार देकर सभी का मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर रामलखन गजेंद्र, प्रतापराव कृदत्त, विनोदराव रणसिंह, राघवेंद्र राव, लक्ष्मण राव मगर, शिवाजी साहू, दिनकरराव चव्हाण, हरिवंश साहू, मनोज कश्यप, सागर निर्मलकर, महेंद्रप्रकाश प्रजापति, हेमचरण, हेमराज सोनी, नितेश कुंभकार, दिनेश पटवा, राजकुमार पटेल, राजू सोनकर, धन्नू यादव, योगेश साहू, संजय जेठवानी, रोहित देवांगन, सहित अन्य शाखाओं के सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित थे। यह जानकारी संघ के नगर प्रचार प्रमुख उमेशसिंह बशिष्ट ने दी है।

### होली पर पूर्व सैनिकों ने खूब उड़ाए रंग-गुलाल

**धमतरी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने धूमधाम से होली का पर्व मनाया। जिले के सभी पूर्व सैनिकों ने एक दूसरे पर रंग डाला। खूब रंग गुलाल उड़ाए। मौके पर जिलाअध्यक्ष केपी साहू, मुरारी लाल साहू, अशोक कुमार वर्मा, आरके साहू, चंद्रकुमार यदु, मानेशगिरी गोस्वामी, प्राणसिंह सिन्हा, जोहर लाल मंडावी, ओमप्रकाश साहू, लक्षण लाल साहू, लोकेश यदु, दिलीप साहू, अजयपुरी गोस्वामी, दशरथ नेताम, चेतन सिन्हा, कुमार सिन्हा, तुलसी राम साहू, लक्ष्मीनारायण सोनकर, सोनू भगत, चमन लाल ध्रुव, केशव कुमार साहू, चुरामन दास वैष्णव, आरके नागवंशी, पीताम्बर नंदेश्वर, श्याम सुंदर देवांगन उपस्थित थे।

### गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर खेली होली

**धमतरी।** प्रजापति ब्रम्हाकुमारीज संस्थान द्वारा जल बचाओ कल बचाओ के संकल्प के साथ होली का त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर बीके सरिता ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि होली अर्थात जो पुरानी बात हो उसे भूल जाओ और प्रेम का रंग लगाकर फिर से अच्छे से रहो। अपने अन्दर की बुराइयों को परमात्म योग अग्नि में जलाना और फिर ज्ञान का रंग लगाना है। उन्होंने आगे कहा कि ये अविनाशी रंग है जो कभी जीवन को फीका नहीं बनाता। हमेशा ही खुशहाल व रंगीन रखता है। उन्होंने सभी को जल बचाने की प्रतिज्ञा कराई। सभी ने जल बचाने के नारे भी लगाये। इस अवसर पर बच्चों ने हास्य कवि सम्मेलन की रंगारंग प्रस्तुति दी। सरिता दीदी ने सभी पर केसर के पानी की पिचकारी चलाई। सभी पर गुलाब पुष्प की पंखुड़ियों की वर्षा की।

पुलिस प्रशिक्षण केंद्र रूद्री में दिया गया प्रशिक्षण

# मैदानी अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवहार रखें : एएसपी





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस प्रशिक्षण केंद्र रुद्री में लोकसभा चुनाव के संबंध में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक वार्ष्णेय के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुरुवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षण पुलिस प्रशिक्षण केंद्र कम्पोजिट बिल्डिंग रूद्री में दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक ने बताया कि जिला स्तर पर प्रत्येक अधिकारी - कर्मचारी को लोक सभा निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु यह आवश्यक है कि समस्त स्तर के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवहार रखें।

आगे कहा कि अवैधानिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये प्रतिबंधात्मक एवं लघु अधिनियम की धाराओं के तहत अधिक से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सेक्टर पुलिस अधिकारी प्रत्येक मतदान केन्द्र जाकर भ्रमण करें एवं वल्नरेबल क्षेत्रों का चिन्हांकन कर ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया जाए जो कि मतदान को प्रभावित कर सकते हैं।

स्थाई वारंट, गिरफ्तारी वारंट की तामिली, प्रतिबंधात्मक एवं लघु अधिनियम के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई की जाये, निर्वाचन कार्य में लगने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ प्राईवेट कर्मचारियों के मतपत्र जारी किये जायेंगे जिनको समय पर निर्धारित प्रारूप में जानकारी एवं फार्म भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। आईपीसी, आरपीएक्ट, सीआरपीसी एवं स्पेशल लोकल एक्ट के बारे में बताया गया।

पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के दायित्वों के बारे में रैंक वाईज चर्चा की गई एवं उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि निर्वाचन संपन्न होने तक स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण प्रक्रिया बनाए रखने रूल ऑफ लॉ का पालन मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को किस प्रकार से करना है।

इस प्रशिक्षण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शसुशील कुमार नायक, डीएसपी भावेश साव, डीएसपी ट्रैफिक शमणिशंकर चंद्रा, थाना प्रभारी धमतरी निरीक्षक शरद ताम्रकार, उनि विनोद शर्मा, सउनि दिनेश चंदेल, अनिल यदु, विरेंद्र बैस, प्रेमलाल सिन्हा, चुनाव सेल प्रभारी सउनि राकेश मिश्रा सहित चुनाव सेल की टीम सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस सांसद प्रत्याशी से हाशमी ने शहर हित पर चर्चा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राजीव भवन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में महासमुंद लोकसभा के कांग्रेस सांसद प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू से छग कांग्रेस कमेटी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निगम जल विभाग अध्यक्ष अवैश हाशमी ने स्टेशनपारा झुग्गी झोपड़ी बस्ती वालों के साथ मुलाकात की। श्री साहू से 287 गरीब परिवारों के लिए बन रहे बहुमंजिला आवास को जल्द पूर्ण करवाने की मांग की। आगे कहा कि धमतरी के चौमुखी विकास के लिए धमतरी आ रही बड़ी रेल लाइन को आगे गुण्डरदेही, बालोद, जगदलपुर और उड़ीसा से जोड़ने सार्थक प्रयास करे। उन्होंने धमतरी में इंजीनियरिंग, मेडिकल कालेज और विभिन्न उद्योग खुलवाने एवं गंगरेल बांध, रुद्री बरॉज, माड़मसिल्ली और नरहरा जलप्रपात को सर्व सुविधा युक्त पर्यटन स्थल बनवाने का आग्रह किया।

### विप्र विद्वत परिषद ने मनाया होली मिलन

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद धमतरी ने होली मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया। परिषद का होली मिलन फाग गीत के साथ सम्पन्न हुआ। परिषद के अध्यक्ष पं. अशोक शास्त्री ने फाग गीत की प्रस्तुति दी जो सहरानीय रही। मौके पर पं. होमन शास्त्री, महेश शास्त्री, संतोष तिवारी, दीपक मिश्रा, रघुवीर पाण्डेय, जनक प्रसाद दुबे, धर्मेन्द्र शर्मा, राजकिशोर पाण्डेय, नरेश पाण्डेय, श्रीकांत तिवारी, नरेश मिश्रा सहित परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

## राष्ट्र हित में शत-प्रतिशत मतदान का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की जिला कार्यकारिणी की बैठक महाराणा प्रताप गार्डन विवेकानंद नगर में हुई। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि आनंद स्वरूप तथा समाजसेवी मोहन साहू ने संबोधित किया। कहा कि विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल धमतरी जिले में सक्रियता के साथ हिंदू समाज के लिए लगातार कार्य कर रहा है। धर्म, संस्कृति के साथ राष्ट्र सेवा और राष्ट्रभक्ति संगठन का मुख्य ध्येय रहा है। बैठक की शुरूआत जिलामंत्री रामचंद देवांगन ने ब्रम्हनाद और विजय महामंत्र के साथ की। उन्होंने प्रांतीय अधिवेशन में जारी किए गए दिशा निर्देशों की जानकारी दी तथा आने वाले चुनाव में देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने शत-प्रतिशत मतदान करवाने की शपथ ली। जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने संगठन विस्तार पर चर्चा की।

मुख्य अतिथि आनंद स्वरूप ने धार्मिक ग्रंथों का पाठ करने व भारतीय संस्कृति और संस्कार को जीवन में उतारने की जरूरत और महत्व को समझाया। समाजसेवी मोहन साहू ने ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन की सुदृढ़ता पर प्रकाश डाला। जिलाकार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर ने भी अपने विचार साझा किए। जिलामंत्री रामचंद देवांगन ने प्रखण्ड क्षेत्र में चल रही संगठन गतिविधियां और सक्रिय भूमिका की जानकारी दी। बैठक की समाप्ति के बाद प्रखण्डों से आए पदाधिकारियों के साथ होली मिलन का कार्यक्रम किया गया।

बैठक में जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू, जिला सह संयोजक प्रिन्स जैन, जिला प्रचार प्रमुख योगेन्द्र साहू, प्रखण्ड मंत्री धमतरी दिलीप साहू, प्रखण्ड मंत्री कुरूद दीपक सोनी, प्रखण्ड मंत्री मगरलोड रवि साहू, प्रखण्ड अध्यक्ष मगरलोड सनत साहू, प्रखण्ड संयोजक सेवक राम, गुहान दास मानिकपुरी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## देश के वीर शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विभिन्न संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा शहीद दिवस पर शास्त्री चौक के समीप मकई गार्डन में श्रद्धांजलि व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से शहीदे आजम सरदार भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, हेमू कालाणी व डॉ. राममनोहर लोहिया को भारत का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न प्रदान करने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को मांग पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि जिन वीर शहीदों की बदौलत हमें यह आजादी मिली है, उन्हें लोग भूलते चले जा रहे हैं। इसका प्रमुख कारण यह भी है कि हम अपने बच्चों को देश के अमर शहीदों व वीरांगनाओं के बारे में सही शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं। वक्ताओं ने शहीद मिंधू कुम्हार, बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव, नारायण राव मेघावाले, नत्थू जी जगताप, श्यामलाल नेताम, सुखराम नागे, डॉ. शोभाराम देवांगन, शिवसिंह वर्मा को याद किया। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक सत्यवान यादव, संचालक जीआर बंजारे, मदन यदु, गगन कुंभकार, भूषण सिंह पटेल, साहेब अली, कोमल संभाकर, गोपाल कामड़े, सुरेश मुंजवानी, सैयद जफर अली हाशमी, दिनेश्वर कुंभकार, रमेश, राजकुमार सोनवानी, आकाश भोजवानी, मनोज यादव, कमल निर्मलकर, मोटा भाई, समीर कुरैशी उपस्थित थे।

## राधा-कृष्ण की वेशभूषा में बच्चों ने खेली फूलों की होली



- विशेष बच्चों ने लघु नाटिका प्रस्तुत कर सद्भावना और खुशी का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल में सार्थक स्कूल एवं नेहरू प्राथमिक शाला क्रमांक 5 ने संयुक्त रूप से होली उत्सव मनाया। दोनों स्कूलों के बच्चों, प्रशिक्षकों और पालकों ने एक साथ होली खेली।

सार्थक के विशेष बच्चे नेमेष अर्जुन, सत्यांशु, और पंकज ने लघुनाटिका प्रस्तुत की। उन्होंने आपसी समस्या और बैरभाव को भूलकर होली के अनेक रंगों की तरह अपने जीवन में सद्भावना और खुशी के रंग भरने का संदेश दिया। विनीत श्रीकृष्ण एवं हर्षिता राधा रानी तथा बाकी बच्चों ने ग्वाल बाल और गोपिका की वेषभूषा में बरसाने की होली का नाट्य रूपांतरण कर फूलों से होली खेल कर सुंदर प्रस्तुति दी। होली के फाग गीतों पर बच्चों के साथ खूब डांस किया। नेहरू स्कूल के बच्चों को आकर्षक गिफ्ट पैकेट का उपहार सार्थक अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन सचिव स्नेहा राठौड़ ने किया।

इस अवसर पर नेहरू प्राथमिक शाला क्र. 5 के प्रधानपाठक नोमेश साहू, शिक्षक थॉमस साहू, निरेश ध्रुव एवं प्रशिक्षक मैथिली गोडे, गीतांजलि देवी, स्वीटी सोनी, देविका दीवान, सुनैना गोडे, सकीना बाघमारे, शकुंतला सोनी समेत अन्य मौजूद थे।

## पुरानी मंडी में हुआ कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन

**मैं राजनीतिक नहीं पारिवारिक रिश्ता बनाना चाहता हूं: ताम्रध्वज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

सांसद बनने के बाद ऐसा कोई काम नही करेंगे जिससे क्षेत्र की जनता, कार्यकर्ता का सिर झुके। वे हर ऐसा काम करना चाहते हैं जिससे कांग्रेसियों का मान बढ़े। मैं यहां राजनीतिक नहीं बल्कि पारिवारिक रिश्ता बनाना चाहता हूं जिसमें सब बराबर रहता है। उक्त बातें पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कुरुद की पुरानी मंडी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कही।

बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर कुरुद में कांग्रेस का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। कांग्रेसियों की भावना समझ प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कहा कि वे आपस की गुटबाजी त्यागकर उन्हें जिताएं। वे सांसद नहीं बल्कि एक पालक बनकर हमेशा साथ खड़े रहेंगे। अन्य वक्ताओं ने बीते दो विधानसभा चुनाव में पराजय का दर्द बयां करते हुए कहा कि पार्टी प्रत्याशी चुनाव जीतते-जीतते हार गए। इस क्षेत्र सहित जिले को कभी बड़े नेताओं का संरक्षण नहीं मिला जिससे कार्यकर्ता निराशा, हताशा के साथ ठगा और असहाय महसूस करते हैं।





**आपसी गुटबाजी का ठीकरा फोड़ा**

सम्मेलन में कुछ नेताओं ने पांच साल प्रदेश में सरकार रहने के बाद भी एक काम नहीं करा सकने का दुखड़ा रोया। तो कुछ ने आपसी गुटबाजी का ठीकरा फोड़ा। कुछ ने डरे सहमे रहने की बात कही। वहीं मोदी सरकार को हिटलरशाही सरकार बताकर इस बार केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाने की बात कही। वक्ताओं ने मोदी की गारंटी को छलावा, देश को धर्म के नाम पर बांटने वाला बता राहुल गांधी की न्याय योजना को जनता जनार्दन तक ले जाकर वोट मांगने की बात कही।

सम्मेलन में विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, लेखराम साहू, डॉ लक्ष्मी ध्रुव, विपिन साहू, मोहन लालवानी, जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, तारिणी चंद्राकर, लक्ष्मीकांता साहू, नीलम चन्द्राकर, शारदा साहू, तपन चन्द्राकर, राजकुमारी दीवान, सुमन संतोष साहू, गोविंद साहू, कुसुमलता साहू, भरत नाहर, कांति सोनवानी, नीशु चन्द्राकर, रमेशर साहू, आशीष शर्मा, प्रमोद साहू, डीहू राम साहू, देवव्रत साहू, मनीष साहू, डुमेश साहू, उत्तम साहू, राजू साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

## आमदी में धूमधाम से मनाई गई होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

होली का पर्व सबके मन और जीवन में खुशियों का रंग भर देता है। एक ऐसा पर्व है जिसमें दोस्त भी दुश्मनी भुलाकर गले मिल जाते हैं। आमदी के साथ आसपास के गांव खरतुली, परसताराई, लोहरसी, पेरपार, पेंडरवानी, मुजगहन, देवकोट, कंवर में होली बड़ी धूमधाम से मनाई गई। रविवार की रात में गांव के बैगा व ग्रामीणों द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया गया। सोमवार को सुबह से ही लोग अपने घरों से हाथों में गोबर से बने छेने लेकर होलिका में डालते नजर आए। होलिका दहन से राख उठाकर बच्चे, बूढ़े, जवान एक दूसरे के ऊपर तिलक लगाया। होली पर्व पर हर घर में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पकवान ठेठरी, खुरमी, बड़ा बनाया गया।

पकवान बनाने में घरों की माताएं सुबह से ही जुटी हुई थीं। बच्चे पानी में रंग घोलकर पिचकारियों में भरकर एक दूसरे को सराबोर कर गुलाल लगाकर मस्ती करते नजर आए। वहीं नगाड़ों की थाप और डीजे की धुन में लोग रंग बिरंगे गुलाल उड़ाते हुए रात तक नाचते गाते और मस्ती में झूमते रहे। विधायक ओंकार साहू भी होली खेलने में पीछे नहीं रहे। उन्होंने नगर भ्रमण कर बच्चे, बूढ़े, जवानों को तिलक लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी।

धमतरी में होगा नेशनल ट्रैकिंग का प्रोग्राम, सदस्यों ने बनाई कार्ययोजना

# होली मिलन : यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ने खेली होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



यूथ हॉस्टल जिला धमतरी द्वारा होली मिलन सह आमसभा का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूथ हॉस्टल धमतरी के अध्यक्ष हुकुमचंद जैन ने की। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने एक दूसरे पर रंग लगाया।

यूथ हॉस्टल के सचिव कुशल चोपड़ा ने बताया कि आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ में नेशनल ट्रैकिंग का प्रोग्राम धमतरी जिले में होने वाला है जो छत्तीसगढ़ का पहला नेशनल प्रोग्राम होगा जिसमें संस्था के सभी सदस्यों को मिलजुल कर काम करना है।

यूथ हॉस्टल के चेयरमैन योगेश गुप्ता ने बताया कि यूथ हॉस्टल धमतरी की टीम ने सक्रियता के कारण अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यह प्रोग्राम 3 दिनों का होगा।

अध्यक्ष हुकुमचंद जैन ने कहा कि यूथ हॉस्टल पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूर्व में रक्तदान शिविर ,वाहन प्रदूषण जांच शिविर का आयोजन किया जा चुका है। कुछ दिनों पूर्व जिलाधीश श्रीमती नम्रता गांधी द्वारा आयोजित गंगरेल सफाई अभियान में भी यूथ हॉस्टल के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।

यूथ हॉस्टल के आजीवन सदस्य सुरेन्द्रपुरी गोस्वामी ने कहा कि आगामी दिनों में लोकसभा का चुनाव होने वाला है। सभी मतदान अवश्य करें और साथ ही दूसरों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें।

कार्यक्रम में डॉ. एएन दीक्षित, प्रो.पीसी चौधरी, डॉ. अमरसिंह साहू, मनीष चंद्राकार, हेमंत डेकाते, रमेश देव, कैलाश कुकरेजा, विश्वेश कोटवानी, धनंजय सोनकर, डॉ. राकेश सोनी, सुबोध महावर, वेंकटेश्वर प्रसाद साहू, डूमन साहू, नेहरू युवा केंद्र के संचालक भूपेंद्र, घनश्याम सोनी, रवि कृष्णानी, अशोक देवांगन, नितिन राठौड़, सतराम वासानी, नवीन साहू, काजल मुंजवानी, शकुन्तला साहू, दीपमाला साहू , वैष्णवी गुप्ता, लक्ष्मी देवांगन, राजकुमारी साहू, मिताली देव, प्रिया कोटवानी सहित बड़ी संख्या में यूथ हॉस्टल के सदस्य उपस्थित थे।

## जनपद सभापति ने अपने क्षेत्र में खेली होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

जनपद सभापति श्रीमती परमेश्वरी महेंद्र साहू ने अपने जनपद क्षेत्र के ग्राम कुम्हारी, सिर्वे, पुरेना, सिंगदेही, भेण्डसर, कोलियारी एवं जोरातराई के ग्रामीणों के साथ होली खेलकर भाईचारा का संदेश दिया।

**खबर संक्षेप**

### धोबी समाज का वार्षिक सम्मेलन 31 को

**धमतरी।** जिला धोबी समाज भखारा परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन त्रिकुटी धाम कोसमर्रा में 31 मार्च को प्रातः 10 बजे से आयोजित है। इस अवसर पर विवाह योग्य बेटा बेटी भी अपना मनपसंद जीवनसाथी चयन करने के लिए परिचय देंगे। अगर रिश्ते तय होते हैं तो दोनों पक्षों की सहमति से विवाह कराया जाएगा। कार्यक्रम के अतिथि समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, विधायक अजय चंद्राकर, समाज के वरिष्ठ नेता तुलसी कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष धमतरी जिला संगठन प्रभारी कार्तिकराम निर्मलकर, संरक्षक धर्मलाल निर्मलकर होंगे। यह जानकारी समाज के प्रवक्ता अमन निर्मलकर ने दी है।

### देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक कल

**सिर्री।** देवांगन समाज सिर्री मंडल की कार्यकारिणी बैठक ग्राम चारभाठा में 30 मार्च शनिवार को दोपहर 1 बजे रखी गई है।



बैठक में वार्षिक सम्मेलन संबंधी चर्चा, प्राप्त आवेदनों का निराकरण व मंडल अध्यक्ष की अनुमति से समाज के विकास संबंधी मुद्दों व अन्य विषयों पर भी चर्चा होगी। होली मिलन समारोह भी रखा गया है। यह जानकारी देवांगन समाज सिर्री मंडल के सचिव विष्णु देवांगन ने दी है।

### सेमरा बी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

**कुरुद।** ग्राम सेमरा (बारना) में ग्राम वासियों के सहयोग से नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा वाचक पंडित हरिशरण वैष्णव धमतरी होंगे। घट स्थापना, वेदी पूजन, गणेश स्थापना, पुराण यात्रा, गौकरण महात्म्य के साथ गुरुवार को कथा का शुभारंभ हो गया। आज भागवत कथा प्रारंभ, मंगलाचरण, श्री शुकदेव प्राकट्य, परीक्षित कथा होगी। कल सृष्टि वर्णन, मनु सतरूपा चरित्र, वराह अवतार, कपिल अवतार, शिव चरित्र की कथा होगी। चतुर्थ दिवस ध्रुव चरित्र, पृथु अवतार, भरत चरित्र, भक्त प्रहलाद चरित्र , सोमवार को गजेन्द्र मोक्ष, सागर मंथन, वामन अवतार, मत्स्य अवतार, मंगलवार को श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, बाललीला, बुधवार को वृन्दावन लीला, माखन चोरी, मथुरा लीला, रुक्मणी मंगल, द्वारिका धाम लीला, गुरुवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा एवं शुक्रवार को गीता प्रवचन, विष्णु यज्ञ, सहस्त्र धारा स्नान एवं प्रसाद वितरण भंडारा के साथ कथा का समापन होगा।

**निधन**

### विक्रम बाई साहू



**सांकरा।** ग्राम सांकरा स्कूलपारा निवासी विक्रम बाई साहू 60 वर्ष का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे लतखोर साहू की पत्नी एवं अजय साहू, पुरंजय साहू एवं शैलेंद्र साहू की बड़ी मां थीं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीण शामिल हुए।

कांग्रेस भवन में हुआ धमतरी विधानसभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन

# कार्यकर्ता ही कांग्रेस संगठन की असली ताकत : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कांग्रेस का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन गुरूवार को कांग्रेस भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने क्षेत्र की जनता की सेवा करने का अवसर दिया है, जिस पर मैं खरा उतरने की कोशिश करूंगा। मैं लोगों से हमेशा पारिवारिक रिश्ता बनाने में विश्वास करता हूं। क्षेत्र की जनता से अब मेरा पारिवारिक संबंध बन गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर भाजपा के दुष्प्रचार से बचने की सलाह दी। आगे कहा कि सभी कार्यकर्ता मतदाताओं से डोर टू डोर संबंध बनाने की कोशिश करें। कांग्रेस की रीति-नीति से परिचय करावें। कांग्रेस की न्याय यात्रा के बारे में लोगों को जानकारी दें। कार्यकर्ता ही कांग्रेस संगठन की रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं का समर्पण, मेहनत के बल पर ही पार्टी जीत हासिल करती है। कांग्रेस पार्टी एक उद्देश्य और लक्ष्य के साथ काम करती है। संविधान की सबसे बड़ी विशेषता धर्म निरपेक्षता है। इसे लेकर कांग्रेस देश को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।





कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, लेखराम साहू, गुरूमुख सिंह होरा, विधायक ओंकार साहू, मोहन लालवानी, महापौर विजय देवांगन, विपिन साहू, नीशु चन्द्राकर, मदनमोहन खंडेलवाल, गोपाल शर्मा, हरमिंदर छाबड़ा, आकाश जैन, आंनद पवार, हितेश गंगबीर, गौतम वाधवानी, घनश्याम साहू ने भी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अधिकृत प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयश्री दिलाएंगे। विपक्षी पार्टी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उनकी कथनी और करनी में अंतर है। लोकतंत्र खतरे में है। 2024 के चुनाव के बाद अगर भाजपा सत्ता में आती है तो देश में कभी चुनाव नहीं हो पाएंगे। संविधान को बदल डालेंगे। लोकतंत्र खत्म कर देंगे। एक पार्टी एक देश का नारा लगाएंगे। इस बार हमें छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट जीतकर राहुल गांधी का हाथ मजबूत करना है। जिले की सभी विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को लीड मिलेगी। पार्टी हाईकमान ने इस बार छग की सभी सीटों पर मजबूत और कद्दावार प्रत्याशी उतारे हैं। सभी कार्यकर्ताओं ने हाथ उठाकर कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को जिताने का संकल्प लिया। सम्मेलन में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## परसाबुड़ा में श्रीमद भागवत महापुराण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



ग्राम परसाबुड़ा में साहू समाज एवं दानदाताओं के सहयोग से 28 मार्च से 5 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आयोजन किया गया है। भगवताचार्य पंडित दुर्गेश शर्मा मेघावाले होंगे। 28 मार्च को प्रथम दिवस जल कलश यात्रा, दीप प्रज्जवलन, वेदी पूजन श्रीमद भागवत महापुराण का महात्मय हुआ। 29 मार्च को मंगलाचरण श्री शुकदेव जन्म, परीक्षित जन्म, 30 मार्च को सृष्टि विस्तार कपिलोपाख्यान, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 31 मार्च को प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन, वामन अवतार, 1 अप्रैल सोमवार को श्रीराम प्राकट्य महोत्सव, श्रीकृष्णा प्राकट्य महोत्सव, 2 अप्रैल को श्री कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी एवं गोवर्धन पूजा, 3 अप्रैल को कंस उद्धार, रुक्मणी मंगल विवाह, 4 अप्रैल को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा, 5 अप्रैल को गीता उपदेश, हवन पूर्णाहुति, आरती व महाप्रसादी का वितरण होगा। भागवत महापुराण रोजाना दोपहर दो बजे से प्रारम्भ होगी। 5 अप्रैल को भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई जायेगी। कलश यात्रा निकलेगी। यह जानकारी ग्रामीण एश कुमार साहू ने दी है।

### ब्राम्हण समाज का होली मिलन 30 को

**धमतरी।** धमतरी तहसील ब्राम्हण समाज युवा व महिला मंच का होली मिलन समारोह 30 मार्च को स्थानीय प्राचीन किले के राम मंदिर में शाम 4 बजे आयोजित किया गया है । विप्रजनों से उपस्थिति की अपील की गई है।

## बजट बैठक की स्थगन सूचना पर भाजपा पार्षदों ने उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम द्वारा 28 मार्च को बजट बैठक आहूत की गई थी। इस संबंध में स्थगन सूचना में यह दर्शाया गया कि यह बैठक आचार संहिता की समाप्ति पश्चात आयोजित की जाएगी। इस पर सवाल उठाते हुए भारतीय जनता पार्टी के पार्षदगणों ने कहा कि नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 96 से लेकर 101 में जो प्रावधान दिया गया है, उसके तहत बजट वित्तीय वर्ष की समाप्ति 31 मार्च तक प्रस्तुत की जानी है लेकिन स्थगन सूचना में आचार संहिता की समाप्ति के पश्चात बैठक आयोजित किए जाने की बात कहना निगम के सत्ताधारी दल को लाभ पहुंचाना माना जा रहा है। इसकी शिकायत सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम से करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रोसिडिंग से आम जनता को गुमराह किया जा रहा है। अब बजट पेश करने की संभावना ही नहीं है। नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी ने कहा कि चुनाव की प्रक्रिया चालू हो जाने के बाद निगम द्वारा किसी भी जनप्रतिनिधि को इस प्रकार की सूचना देना ही गलत है। इसकी शिकायत राज्य निर्वाचन आयोग से कर उचित कार्रवाई की मांग करेंगे।

## मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान दल को दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-1, मतदान अधिकारी-2 और मतदान अधिकारी-3 को स्थानीय सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स द्वारा उन्हें मतदान की शपथ दिलाई गई। हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

## सिर्री के ग्रामीण रामलला के दर्शन करने अयोध्या रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम सिर्री के ग्रामीण 27 मार्च को सुबह 9 बजे भगवान श्रीरामलला के दर्शन करने अयोध्या के लिए रवाना हुए। ग्रामीण विश्राम सिन्हा, घनश्याम साहू, पीलाराम साहू, द्वारिका सिन्हा, शिवशंकर साहू सहित अन्य ग्रामीण अयोध्या सहित इलाहाबाद, काशी, आगरा, मथुरा, वृंदावन, दिल्ली, हरिद्वार जैसे स्थानों की यात्रा करेंगे।

## शहर के एनएच में सेकेंड लेयर का डामरीकरण कार्य शुरू, एक माह में होगा कम्पलीट

■ लगभग 9 किमी हाईवे मार्ग के जीर्णोद्धार के लिए 16 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के अंदर से गुजरने वालक नेशनल हाईवे मार्ग के प्रथम चरण का डामरीकरण पूरा हो गया है। इसके बाद सेकेंड लेयर बीसी वर्क का काम शुरु हो गया है जो एक माह में कम्पलीट हो जाएगा। रोड ड्रेन टू ड्रेन बन रहा है। इससे यात्रियों, व्यापारियों को धूल से निजात मिल रही है।

पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर एमडी पैकरा ने बताया कि पहले लेयर का काम पूरा हो गया है। दूसरा व अंतिम लेयर बीसी वर्क एक माह में कम्पलीट हो जाएगा। फिर रोड मार्किंग और कैट आई का काम प्रारंभ किया जाएगा। 9 किमी लंबी इस सड़क के लिए शासन ने 16 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। सड़क मरम्मत का टेंडर मिलने के बाद मित्तल कंस्ट्रक्शन कंपनी ने काम शुरु किया जिसने डेढ़ माह के अंदर फर्स्ट लेयर का काम पूरा कर लिया। उन्होंने बताया कि जिस गति से काम चल रहा है उससे यही लगता है कि अप्रैल के आखिरी सप्ताह तक सभी वर्क कम्पलीट हो जाएंगे।

गौरतलब है कि संबलपुर से श्यामतराई तक बाईपास सड़क बन जाने से शहर के भीतर से गुजरने वाले सभी हैवी वाहन अब बाईपास मार्ग में दौड़ने लगे हैं। इससे शहरवासियों को काफी राहत मिल रही है। हाइवा जैसे बड़ी वाहनों के गुजरने के कारण सड़क बुरी तरह तरह खराब हो गई थी। एनएच में सैकड़ों गड्ढे हो गए थे। आम जनता को काफी परेशानी हुई। हैवी वाहनों के कारण दर्जनों लोगों की मृत्यु हो गई। कई घायल होकर अस्पतालों में इलाज करवाए। बाईपास बनने से 40 प्रतिशत ट्रैफिक का दबाव कम हुआ। राहगीरों और दुकानदरों को धूल से राहत मिली। सड़क निर्माण के लिए शहरवासियों को इस साल इंतजार करना पड़ा। हाइवा, ट्रेलर, ट्रकें अंतर्राज्यीय वाहनें अब शहर के बाहर से आगे बढ़ेंगे।



### रेत भरे हाइवा वाहन पर प्रतिबंध लगाएं : नागरिकगण

विदित हो कि शहर किनारे महानदी स्थित है जहां दर्जनों की संख्या में रेत खदानें संचालित हैं। रेत निकासी के लिए इन खदानों से 400-500 हाइवा शहर के मुख्य मार्गों में दौड़ते हैं। वाहनों की रफ्तार से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। शहर के नागरिक विपुल नागेश, हेमंत कौशिक, निर्मल देशमुख, कल्याण साहू आदि ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि सड़क की सुरक्षा और आमजनता का जीवन बचाने हाइवा जैसे वाहनों पर प्रतिबंध लगाएं। हाइवा की वजह से सड़कें जल्दी खराब होती हैं।

## लोगों की प्यास बुझाते प्याऊ मटके दे रहे मतदान का संदेश

■ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की दिशा में ग्रामीणों की अनोखी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद, धमतरी और लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश तथा सीईओ जिला पंचायत और स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप संबंधी अनेक गतिविधियां चलाई जा रही हैं। बीते दिनों दिव्यांगजनों को मतदान हेतु प्रेरित करने सुमित बाजार में शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए, वहीं नेहरू युवा केन्द्र के प्रतिनिधियों ने शहर के बीचों-बीच नुक्कड़ नाटक और प्रहसन प्रस्तुत कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावा स्वीप होली, स्वीप रैली, स्वीप रंगोली सहित विभिन्न स्वीप गतिविधियां जिले में लगातार आयोजित की जा रही हैं।

इन्हीं आयोजनों के बीच ग्राम मुजगहन में ग्रामीणों द्वारा राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने और उनकी प्यास बुझाने प्याऊ संचालित किया जा रहा है। इसमें अनोखी पहल करते हुए मटकों में मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन और नारे लगाए गए। इनमें 'आओ सब मिलकर गाएं, हम देने वोट जरूर जायें', 'आन, बान अउ सान से, सरकार बने मतदान से', 'सरकार बनाना आता है, क्योंकि हम मतदाता है', 'बीएलओ से बात करेंगे, मतदाता हम अवश्य बनेंगे', 'अंतर्मन से देना वोट, बदले में नहीं लेना नोट', संबंधी नारों को यहां पानी पीने पहुंच रहे बड़ी संख्या में मजदूर, ग्रामीण, विद्यार्थी पढ़कर औरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प ले रहे हैं।

## लोकतंत्र में निभायेंगे अपनी भागीदारी



**धमतरी।** लोकतंत्र के महापर्व में जिले के मजदूर बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। खेतों और मनरेगा स्थल सहित अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने प्रोत्साहित कर रहे हैं। साथ ही लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में अपनी पूरी भागीदारी निभाने की शपथ भी ले रहे हैं।




## लायंस क्लब को मिला फ्रेंड्स रीजन का सर्वश्रेष्ठ क्लब अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन कांफ्रेंस होटल अमित इंटरनेशनल भिलाई में आयोजित की गई जिसमें फिल्म एवं टेलीविजन इंडस्ट्रीज की ख्यातिप्राप्त एक्ट्रेस पूरवा पराग एवं उनके पति हिंदी फिल्म कलाकार, जर्नलिस्ट एवं डायरेक्टर पराग छाफेकर, रीजन चेयरपर्सन मीनाक्षी अग्रवाल की उपस्थिति में सत्र 2023-24 में बेहतरीन सेवा गतिविधियों के लिए लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स को रीजन का सर्वश्रेष्ठ क्लब अवार्ड से सम्मानित किया गया। जोन चेयरपर्सन लायन विजय अग्रवाल ने क्लब प्रेसीडेंट मनोज सोनी को सर्वश्रेष्ठ जोन अध्यक्ष का अवार्ड दिया। सरिता दोशी को सर्वश्रेष्ठ जोन क्लब सचिव एवं शकुंतला साहू को सर्वश्रेष्ठ जोन क्लब कोषाध्यक्ष के रूप में सम्मानित किया गया।

लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स के अध्यक्ष लायन सीए मनोज सोनी ने बताया कि सत्र 2023- 24 में हमारे क्लब ने लगभग 43 सेवा गतिविधियों के माध्यम से 18000 से अधिक लोगों की सेवा कर रीजन के सर्वश्रेष्ठ क्लब होने का गौरव प्राप्त किया है। लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स के पूर्व अध्यक्ष लायन लक्ष्मण हिंदूजा, भूपेन्द्र शाह, विजय अग्रवाल, हरख जैन वर्तमान अध्यक्ष लायन मनोज सोनी, सचिव सरिता दोशी, कोषाध्यक्ष शकुंतला साहू, सहसचिव ज्योति लूनिया ने रीजन कांफ्रेंस के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सेदारी की।

